(v) उचंत एवं प्रेषण शेष : वित्त लेखे में उचन्त एवं प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत निवल शेष प्रतिबिंबित होते है जिसकी जानकारी वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 21 (खण्ड–II) में दर्शाया गया है। इन शीर्षों के बकाया शेषो की गणना विभिन्न शीर्षों के अधीन पृथक से नामें एवं जमा शेषों को जोड़कर की जाती है। मुख्य उचंत एवं प्रेषण शीर्षो के विगत तीन वर्षो से संबंधित सकल एवं निवल आंकड़ो की जानकारी **अनुलग्नक (छ)** में दर्शायी गई है।

(vi) प्रत्याभूतियॉं : राज्य शासन द्वारा, सरकारी कम्पनियों, संविधिक निगमों, स्थानीय निकायों, इत्यादि द्वारा वित्तीय संस्थाओं से लिये गये कर्जो हेतु प्रत्याभूती दी जाती है। ये प्रत्याभूतियॉं, शासन के समेकित निधि पर आकस्मिक दायित्व है। वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 9 एवं 20 में दर्शाये गये प्रत्याभूतियॉं राज्य शासन से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 293 के अधीन विधायिका द्वारा बनाया गया छत्तीसगढ़ राज्य सरकार प्रत्याभूति नियम, 2003 के अनुसार राज्य सरकार की कुल बकाया प्रत्याभूति की सीमा किसी एक वित्तीय वर्ष के लिए गत वित्तीय वर्ष के महालेखाकार के लेखे अनुसार राज्य के राजस्व आय का 70 *प्रतिशत* से अधिक नहीं होना चाहिए। मार्च 2020 के अंत में कुल बकाया प्रत्याभूति ₹ 18,459.36 करोड़ थी जो कि राज्य के राजस्व आय यथा ₹ 29,130.28 करोड़[7] का 63.37 *प्रतिशत* है। छत्तीसगढ़ शासन के आदेश क्रमांक 28/2002 दिनांक 22 मई 2002 के अनुसार दी गई प्रत्याभूतियों पर 0.5 *प्रतिशत* की दर से प्रत्याभूति शुल्क लिया जाना चाहिए जब तक विशिष्ट रूप से छूट प्रदान नहीं की गई हो। वर्ष 2019–20 के दौरान प्राप्त होने वाले ₹ 80.21 करोड़ की प्रत्याभूति शुल्क के विरूद्ध ₹ 34.71 करोड़ प्राप्त कर राज्य शासन के लेखे में जमा किया गया।

(vii) विभिन्न क्रियान्वयन अभिकरणों को निधि का स्थानांतरण : राज्य शासन द्वारा राज्य/जिला स्तरीय स्वायत निकायों एवं प्राधिकरणों, समितियों, अशासकीय संगठनों इत्यादि को केन्द्र योजनाओं, केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं तथा राज्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अनुदान के रूप में निधि उपलब्ध कराई जाती है। वर्ष 2019–20 के दौरान,

---

[6] निवेश से संबंधित जानकारी कंपनियों से प्राप्त नहीं होने के कारण वर्ष 2018–19 में उल्लेखित आंकड़ो को इस सारणी में दर्शाया गया है।

[7] राज्य के राजस्व प्राप्ति में राज्य के स्वयं के कर राजस्व एवं करेतर राजस्व सम्मिलित है। वर्ष 2018–19 के दौरान राज्य के स्वयं के कर राजस्व ₹ 21,427.26 करोड़ एवं करेतर राजस्व ₹ 7,703.02 करोड़ था।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

शासन की योजनाएं/कार्य/कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा ₹ 22,268.35 करोड़[8] विभिन्न क्रियान्वयन अभिकरणो को दिया गया। क्रियान्वयन अभिकरणो द्वारा संबंधित वित्तीय वर्ष में निधि का पूर्णरूप से उपयोग नहीं किये जाने के कारण इन क्रियान्वयन अभिकरणों के बैंक खाते में पर्याप्त अव्ययित शेष रह जाते है। क्रियान्वयन अभिकरणों के खातो में अव्ययित शेष राशि जो कि शासकीय लेखो के बाहर (बैंक खातो में) रखी जाती है सहज अभिनिश्चित नहीं होती है। अतः लेखो में दर्शाए गए सरकारी व्यय उस सीमा तक अंतिम नहीं है।

(viii) आकस्मिकता निधि : छत्तीसगढ़ शासन ने संविधान के अनुच्छेद 267 (2) के अंतर्गत ₹ 100.00 करोड़ की एक आकस्मिकता निधि का गठन किया। इस निधि से अप्रत्याशित व्यय को पूर्ण करने के उददे्श्य से अग्रिम किए जाते हैं जो कि राज्य विधान मंडल द्वारा अतिरिक्त व्यय को प्राधिकृत करते ही निधि को पूर्ण सीमा तक प्रतिपूर्ति कर दिया जाता है। वर्ष 2019–20 के दौरान ₹ 8.95 करोड़ आकस्मिक निधि से आहरित किए गए एवं वर्षात के पूर्व इस राशि की प्रतिपूर्ति की गई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2018–19 में आहरित ₹ 4.92 करोड़ की प्रतिपूर्ति भी वर्ष के दौरान की गई। 31 मार्च 2020 को इस निधि का शेष ₹ 100.00 करोड़ है।

(ix) आरक्षित निधियॉं : आरक्षित निधियों एवं उनके निवेश की जानकारी वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 21 एवं 22 में उपलब्ध है। विशिष्ट उद्देश्यों हेतु 17 आरक्षित निधियां है जिसमें से 14 निधियां क्रियाशील है एवं तीन निधियां अक्रियाशील है। 31 मार्च 2020 के अंत तक इन निधियों में कुल ₹ 9,697.04 करोड़ (₹ 9,696.94 करोड़ क्रियाशील निधियों में एवं ₹ 0.10 करोड़ अक्रियाशील निधियों में) शेष रहा, जिसमें से ₹ 7,232.27 करोड़ (74.58 *प्रतिशत*) निवेश किया गया।

I क्रियाशील आरक्षित निधियां :–

(क) ब्याज वाली आरक्षित निधियॉं :

(i) राज्य आपदा उन्मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ) : चौदहवें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार भारत सरकार, गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 30 जुलाई 2015 के द्वारा राज्य आपदा उन्मोचन निधि की रचना एवं प्रबंधन हेतु दिशा–निर्देश जारी किया गया। सितम्बर 2018 में भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा 01 अप्रैल 2018 से इस निधि में केन्द्र शासन का अंशदान को 75 *प्रतिशत* से वृद्धि कर 90 *प्रतिशत* किये जाने का निर्णय किया। यथापि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 में संशोधित शेयरिंग पैटर्न के बजाय 75 *प्रतिशत* के मौजूदा पैटर्न पर अंशदान किया जाना जारी रखा।

वर्ष 2019–20 के दौरान राज्य शासन द्वारा केन्द्र सरकार से एस.डी.आर.एफ. में केन्द्रांश के रूप में ₹ 177.30 करोड़ प्राप्त किया। उक्त दिशा निर्देशानुसार राज्य सरकार को केन्द्रांश की संपूर्ण राशि ₹ 177.30 करोड़ एवं इसके अनुरूप राज्यांश ₹ 59.10 करोड़ एस.डी.आर.एफ. में स्थानांतरण किया जाना था किन्तु राज्य सरकार द्वारा ₹ 147.40 करोड़ (₹ 177.30 करोड़ में से ₹ 110.55 करोड़ के केन्द्रांश एवं ₹ 36.85 करोड़ का राज्यांश) एस.डी.आर.एफ. में स्थानांतरित किये। केन्द्रांश ₹ 66.75 करोड़ एवं इसके अनुरूप राज्यांश ₹ 22.25 करोड़ के स्थानांतरण नहीं किये जाने से राजस्व घाटा एवं राजकोषीय घाटा कम दर्शित होगें। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा ₹ 194.60 करोड़ (वर्ष 2018–19 में प्राप्त ₹ 125.10 करोड़ का केन्द्रांश एवं इसके अनुरूप ₹ 41.70 करोड़ का राज्यांश तथा वर्ष 2018–19 से संबंधित 15 *प्रतिशत* अंतर का कम स्थानांतरित किया गया राज्यांश ₹ 27.80 करोड़) भी स्थानांतरित किया गया। मुख्यशीर्ष 2245–'प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत' के अन्तर्गत किये गये ₹ 252.54 करोड़ के व्यय को प्रतिपूरित किया गया एवं दिनांक 31 मार्च 2020 को एस.डी.आर.एफ. में ₹ 491.88 करोड़ का शेष रखा गया।

राज्य आपदा उन्मोचन निधि की अधिसूचना अनुसार, इस निधि का शेष भारत शासन की प्रतिभूतियों, आक्शनड ट्रेजरी बिल, ब्याज युक्त जमा एवं अधिसूचित वाणिज्यक बैंको के जमा प्रमाण पत्रो में निवेश किया जाना है। निधि के अवशेष के निवेश से संबंधित जानकारी अपेक्षित है।

---

[8] सहायता अनुदान ₹ 20,328.74 करोड़ तथा पूंजीगत सम्पत्ति निर्माण हेतु सहायता अनुदान ₹ 1,939.61 करोड़ का व्यय सम्मिलित है।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

(ii) राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि : छत्तीसगढ़ राज्य के लोक लेखे के ब्याज धारित खण्ड के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष 8121–''सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियॉं'' के अधीन पृथक लघुशीर्ष 129–''राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि–छत्तीसगढ़'' के अन्तर्गत एक विशेष निधि ''राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि'' का गठन हेतु छत्तीसगढ़ शासन ने सितम्बर 2018 में एक अधिसूचना जारी की। अगस्त 2019 में पर्यावरण, वन और जलवायू परिवर्तन मंत्रालय ने प्रतिकरात्मक वनरोपण प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (कैम्पा) की ₹ 5,791.70 करोड़ को मुख्यशीर्ष 8336–''सिविल जमा'' के अन्तर्गत ''राष्ट्रीय प्रतिकरात्मक वनरोपण निधियॉं'' से मुख्यशीर्ष 8121–''सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियॉं'' के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य का ''राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि'' में स्थानांतरण किया। वर्ष 2019–20 के दौरान राज्य शासन ने कैम्पा निधि से ₹ 6,118.75 करोड़ (सितम्बर 2019 में ₹ 5,624.76 करोड़ एवं दिसम्बर 2019 में ₹ 493.99 करोड़) का 91 दिवसीय ट्रेजरी बिल में निवेश किया एवं इस पर ₹ 81.25 करोड़ का ब्याज प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, निधि में ₹ 500.00 करोड़ का व्यय को दर्ज किया गया। दिनांक 31 मार्च 2020 को निधि का शेष ₹ 5,391.84[9] करोड़ था।

प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि (लेखांकन प्रक्रिया) नियम, 2018 के धारा 2 (6) के अनुसार उपयोगकर्ता अभिकरणों से राज्य शासन द्वारा प्राप्त राशि को राज्य के लोक लेखे में मुख्यशीर्ष 8336–''सिविल जमा'' के अधीन ''राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि'' में जमा किया जाना है एवं प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016 के धारा 3 का उपधारा 4 के अनुसार 10 *प्रतिशत* राष्ट्रीय निधि में वार्षिक आधार पर जमा किया जाना है। इस लेखांकन प्रक्रिया को राज्य शासन द्वारा अभी भी लागू किया जाना है।

(ख) बिना ब्याजवाली आरक्षित निधियॉं :

(i) समेकित निक्षेप निधि (सी.एस.एफ) : बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर बकाया दायित्वों के उन्मोचन हेतु राज्य शासन द्वारा वर्ष 2006–2007 में समेकित निक्षेप निधि का गठन किया गया है। राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार निधि में गत वर्ष के अंत तक बकाया दायित्वो (आंतरिक ऋणो (+) लोक लेखा दायित्वो) का न्यूनतम 0.5 *प्रतिशत* वार्षिक अंशदान किया जाना है। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019–20 में न्यूनतम अंशदान ₹ 333.75 करोड़ (31 मार्च 2019 को बकाया दायित्वो ₹ 66,749.51 करोड़ का 0.5 *प्रतिशत*) के विरूद्ध ₹ 265.00 करोड़ (वर्ष 2018–19 के शेष ₹ 120.00 करोड़ सहित) अंशदान किया गया, परिणामतः ₹ 188.75 करोड़ का कम अंशदान हुआ। इस निधि में 31 मार्च 2020 को ₹ 2,311.94 करोड़ शेष था तथा संपूर्ण राशि को भारत सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया गया है।

(ii) गारंटी उन्मोचन निधि (जी.आर.एफ) : बारहवें वित्त आयोग ने अनुशंसा की थी कि राज्य के प्रत्याभूति दायित्व की उन्मुक्ति हेतु गारंटी उन्मोचन निधि का गठन करें। यद्यपि, छत्तीसगढ़ शासन ने उनके पत्र क्रमांक 459/एफ–2013–04–00749/बी–4 दिनांक 30 जुलाई 2020 के द्वारा निर्णय लिया गया कि राज्य शासन द्वारा स्वीकृत अधिकांश गारंटी मध्यम एवं निम्न जोखिम प्रकृति के होने के कारण गारंटी उन्मोचन निधि का गठन नहीं किया गया है एवं संस्थाओं से प्राप्त गारंटी प्रस्तावों के पूर्ण परीक्षण एवं वित्तीय स्थिति के आंकलन के पश्चात ही गारंटी प्रदाय किया जाता है। 31 मार्च 2020 को बकाया गारंटी राशि ₹ 18,459.36 करोड़ थी।

छत्तीसगढ़ शासन ने अक्टूबर 2017 में दाऊ कल्याण सिंह (डी.के.एस.) पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर को संस्था की स्थापना हेतु ₹ 64.00 करोड़ की प्रत्याभूति जारी की। मार्च 2018 में डी.के.एस. में पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) से ₹ 64.00 करोड़ का ऋण प्राप्त की। जुन 2018 से डी.के.एस. द्वारा स्वयं के संसाधनों से ऋण का भुगतान किया जाना था। तथापि, वर्ष 2019–20 के दौरान राज्य शासन ने डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर को ऋण के किश्तो का पुनर्भुगतान हेतु मुख्यशीर्ष 4210 के अन्तर्गत उद्देश्य शीर्ष–35–''ब्याज/ऋण अदायगी'' से ₹ 10.12 करोड़ विमुक्त किया।

---

[9] राज्य सरकार की सहमति से मुख्यशीर्ष 8229 से स्थानांतरित कम्पेन्सेटरी एफोस्टेशन फण्ड की अनुपयोगी शेष ₹ 18.89 करोड़ सम्मिलित है।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉ–जारी

(iii) ग्रामीण विकास निधि : राज्य शासन द्वारा इस निधि को लोक लेखे के मुख्यशीर्ष 8229–200–'अन्य विकास निधियॉ' से संचालित किया जाता है। वर्ष 2019–20 में इस निधि में ₹ 50.90 करोड़ स्थानांतरित की गई है तथा 31 मार्च 2020 को ₹ 265.66 करोड़ शेष था। निधि के गठन करने के आरंभ से कोई व्यय नहीं किया गया है।

(iv) अधोसंरचना विकास निधि : राज्य शासन ने वर्ष 2005 में अधोसंरचना विकास परियोजनाओं एवं पर्यावरण सुधार परियोजनाओं के लिए धन जुटाने हेतु ''छत्तीसगढ़ (अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण) उपकर अधिनियम, 2005'' अधिनियमित किया। ''छत्तीसगढ़ (अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण) उपकर अधिनियम, 2005'' की धारा 3 (2) के अनुसार अधोसंरचना विकास उपकर उन सभी भूमि पर लगाया जाता है जिनपर भू–राजस्व या किराया लगाया जाता है। उपकर की दर भूमि के वर्गीकरण पर निर्भर करता है। अधोसंरचना विकास उपकर को लोक लेखा में मुख्य शीर्ष 8229–200 'अन्य विकास निधियां' के अन्तर्गत योजना स्तर पर रखे गये 'अधोसंरचना विकास उपकर निधि' में जमा किया जाता है। इस निधि में 31 मार्च 2017 को ₹ 423.39 करोड़ शेष था। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2018–19 में संग्रहित किये गये ₹ 174.00 करोड़ का उपकर को 31 मार्च 2020 तक अधोसंरचना विकास निधि में स्थानांतरित नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप राजस्व एवं राजकोषीय घाटा कम दर्शित हुआ। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा ₹ 391.04 करोड़ (2016–17 का ₹ 225.17 करोड़ एवं 2017–18 का ₹ 165.87 करोड़) का उपकर संग्रहित किया जिसमें से 31 मार्च 2020 तक ₹ 225.17 करोड़ निधि में स्थानांतरित किया गया। वर्ष 2016–17 से 2018–19 की अवधि से संबंधित कुल ₹ 339.87 करोड़ का उपकर निधि में स्थानांतरित नहीं किये गये। वर्ष 2016–17 से 2019–20 की अवधि के दौरान निधि में ₹ 600.78 करोड़ का व्यय दर्ज किया गया। 31 मार्च 2020 को इस निधि में ₹ 47.78 करोड़ शेष है।

(v) पर्यावरण निधि : राज्य सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 6 (1) के तहत पर्यावरण निधि का गठन किया जिसमें पर्यावरण उपकर के माध्यम से संग्रहित की गई राशि को स्थानांतरित किया जाता है। ''छत्तीसगढ़ (अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण) उपकर अधिनियम, 2005'' की धारा 4 (2) के अनुसार पर्यावरण उपकर उन सभी भूमि पर लगाया जाता है जिनपर भू–राजस्व या किराया लगाया जाता है। उपकर की दर भूमि के वर्गीकरण पर निर्भर करता है। अधिनियम के अन्तर्गत संग्रहित उपकर को लोक लेखा में मुख्य शीर्ष 8229–200 'अन्य विकास निधियां' के अन्तर्गत योजना स्तर पर रखे गये 'पर्यावरण निधि' में जमा किया जाता है। वर्ष 2017–18 तक इस निधि से संबंधित व्यय को दर्ज करने हेतु प्रावधान योजना शीर्ष स्तर पर विभिन्न मुख्यशीर्ष के अन्तर्गत किया जाता था तथा वर्षांत में इन शीर्षो में यदि व्यय किया गया हो तो, इसे लोक लेखा मुख्यशीर्ष 8229–200–0021 के अन्तर्गत नामे किया जाता है। वर्ष 2018–19 से पर्यावरण निधि से संबंधित व्यय दर्ज करने हेतु बजट में पृथक प्रावधान नहीं किया गया है।

इस निधि में 31 मार्च 2017 को ₹ 175.19 करोड़ शेष था। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2018–19 में संग्रहित किये गये ₹ 174.00 करोड़ का उपकर को 31 मार्च 2020 तक पर्यावरण निधि में स्थानांतरित नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप राजस्व एवं राजकोषीय घाटा कम दर्शित हुआ। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा ₹ 227.31 करोड़ (2016–17 का ₹ 61.44 करोड़ एवं 2017–18 का ₹ 165.87 करोड़) का उपकर संग्रहित किया जिसमें से 31 मार्च 2020 तक ₹ 61.44 करोड़ निधि में स्थानांतरित किया गया। वर्ष 2016–17 से 2018–19 की अवधि से संबंधित कुल ₹ 339.87 करोड़ का उपकर निधि में स्थानांतरित नहीं किया गया। वर्ष 2016–17 से 2017–18 की अवधि के दौरान निधि में ₹ 12.90 करोड़ का व्यय दर्ज किया गया। यथापि 2018–19 एवं 2019–20 के दौरान निधि में किसी भी राशि का व्यय दर्ज नहीं किया गया। 31 मार्च 2020 को इस निधि में ₹ 223.73 करोड़ शेष है।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

II अक्रियाशील आरक्षित निधियॉं : 31 मार्च 2020 को निम्नलिखित आरक्षित निधियां अक्रियाशील है:–

अक्रियाशील आरक्षित निधियॉं का विवरण

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	आरक्षित निधि का नाम	31 मार्च 2020 को शेष	वर्ष जबसे अक्रियाशील है
8229–विकास एवं कल्याण निधि	शिक्षा के उद्देश्य के लिए विकास निधि	जमा 0.03	2011–12
	कृषि के उद्देश्य के लिए विकास निधि	जमा 0.06	2000–01
8235–सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधि	अन्य निधियॉं	जमा 0.01	2000–01
योग		**जमा 0.10**	..

(x) केन्द्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) : भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.) के अन्तर्गत राज्य शासन को विशिष्ट सड़क परियोजनाओं पर व्यय के लिए वार्षिक अनुदान प्रदाय किया जाता है। वर्तमान लेखांकन प्रक्रियानुसार अनुदान राशि प्रथमतः राज्स्व प्राप्ति के रूप में मुख्यशीर्ष ''1601–सहायता अनुदान'' के अन्तर्गत दर्ज किया जाना चाहिए एवं समतुल्य राशि राजस्व व्यय मुख्यशीर्ष ''3054–सड़कें एवं पुल'' को नामे कर लोक लेखे के अधीन मुख्यशीर्ष ''8449–अन्य प्राप्तियां–103–केन्द्रीय सड़क निधि से अनुदान'' में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि लेखाओं में अनुदान प्राप्ति से राजस्व आधिक्य में बढ़ोत्री (अथवा राजस्व घाटा की कमी) नहीं होवे। विशेष सड़क परियोजनाओं के व्यय को प्रथमतः संबंधित राजस्व या पूंजीगत मुख्यशीर्षों (मुख्यशीर्ष 3054 या 5054) के अधीन दर्ज कर, तदोपरांत मुख्यशीर्षो 3054/5054 को ऋणात्मक नामें कर निधि (मुख्यशीर्ष 8449–103) को तत्संबंधि नामे कर निधि के शेष से समायोजित किया जाता है।

उक्त लेखांकन प्रक्रिया का पालन नहीं करते हुये, वर्ष 2019–20 में भारत सरकार से केन्द्रीय सड़क निधि से प्राप्त ₹ 371.61 करोड़ की राशि में से केवल ₹ 198.55 करोड़ राज्य शासन द्वारा लोक लेखा शीर्ष में ''8449–अन्य प्राप्तियां–103–केन्द्रीय सड़क निधि से अनुदान'' को स्थानांतरित किए गए जिससे राजस्व घाटा एवं राजकोषीय घाटे में ₹ 173.06 करोड़ की कमी दर्शित हुई।

(xi) भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर : ''भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम, 1996'' के प्रावधानों के अनुसार निर्माण कार्य मूल्य के 1 *प्रतिशत* की दर से उपकर संग्रहित कर भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल को स्थानान्तरित किया जाना है। वर्ष 2019–20 के दौरान लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ₹ 33.48 करोड़ संग्रहित किया गया एवं ₹ 31.71 करोड़ (पूर्व वर्ष के शेषों सहित) कल्याण मण्डल को स्थानांतरित किया गया तथा शेष ₹ 6.66 करोड़ लोक लेखा मुख्य शीर्ष 8443 में लेखांकित किया गया। विवरण निम्नानुसार है :–

भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर का अस्थानांतरित राशि का विवरण

(₹ करोड़ में)

विभाग का नाम	अस्थानान्तरित राशि
लोक निर्माण विभाग	5.22
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	0.31
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)	0.25
ग्रामीण विकास मंडल (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)	0.88
कुल	**6.66**

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

(xii) चैक्स् एवं बिल : मुख्यशीर्ष 8670–चैक्स् एवं बिल के अन्तर्गत जमा शेष दर्शाया जाना यह इंगित करता है कि जारी किये गये चैक्स् को 31 मार्च 2020 तक भुनाया नहीं गया है। 1 अप्रैल 2019 को उक्त शीर्ष का प्रारंभिक शेष ₹ 60.82 करोड़ (जमा) था। वर्ष 2019–20 के दौरान ₹ 68,045.62 करोड़ के चैक्स् जारी किये गये है जिसके विरूद्ध ₹ 68,046.59 करोड़ के चैक्स् भुनाये गये तथा अंतशेष राशि ₹ 59.85 करोड़ (जमा) रहा।

(xiii) राज्य शासन द्वारा लंबित लेखे वाले सार्वजनिक उपक्रमों में प्रदत्त अनुदान, आर्थिक सहायता एवं प्रत्याभूति : राज्य सरकार द्वारा 14 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को उस अवधि में, जिसमें उनके लेखे 31 मार्च 2020 तक लंबित थे, ₹ 17,610.71 करोड़ की बजटीय सहायता (अनुदान एवं आर्थिक सहायता) प्रदान की तथा दायित्व (प्रत्याभूति) स्वीकार किया। विवरण **परिशिष्ट ''ज''** में दर्शाया गया है।

(xiv) केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का पुनर्गठन : भारत सरकार, नीति आयोग ने कार्यालय ज्ञापन दिनांक 17 अगस्त 2016 द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 से मौजूदा सभी 66 केन्द्रीय प्रवर्तित योजना को 28 अम्ब्रैला योजनाओं में युक्तियुक्तकरण किया। ये योजनाएं अब 'केन्द्र प्रवर्तित योजना' के रूप में वर्गीकृत की गई है।

वर्ष 2019–20 में लेखा नियंत्रक के पब्लिक फायनेंनशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पी.एफ.एम.एस.) पोर्टल में दर्शाए गए छत्तीसगढ़ शासन को प्रदत्त ₹ 13,504.06 करोड़ के सहायता अनुदान के विरूद्ध भारतीय रिजर्व बैंक, नागपुर के केन्द्रीय लेखा शाखा से क्लियरन्स मेमो एवं संबंधित मंत्रालयों से स्वीकृतियॉं से ₹ 13,611.24[10] करोड़ की राशि प्राप्त हुई, जिसे राज्य शासन के लेखे में उचित रूप से दर्ज किया गया। वर्ष 2019–20 में भारत सरकार द्वारा जारी किये गये समस्त विमुक्तियॉं एवं मुख्यशीर्ष 1601 में दर्ज विमुक्तियों को उनसे संबंधित राज्य योजनाओं से मैप किया गया तथा परिशिष्ट–V (क) में दर्शाया गया है। ऐसे प्रकरणों में जहॉं भारत सरकार से केन्द्रीय योजनाओं के लिए विमुक्तियॉं प्राप्त किए गए हैं, परन्तु वर्ष के दौरान राशि का संपूर्ण उपयोग नहीं किया गया है या विमुक्तियों से अधिक व्यय किया गया है, को विवरण क्रमांक 15 के अनुलग्नक में दर्शाया गया है।

(xv) राज्य में क्रियान्वयन अभिकरणों को केन्द्रीय योजना निधि का प्रत्यक्ष स्थानांतरण (राज्य बजट के बाहर से उपलब्ध कराई गई निधियां) : वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग, नई दिल्ली के बजट परिपत्र 2019–20 के पैरा 2.2 (ii) के अनुसार केन्द्र क्षेत्रीय योजनाओं में वे योजनाएं शामिल होगी जो केन्द्रीय अभिकरणों यथा मंत्रालयों/विभागों या भारत सरकार की विभिन्न अभिकरणों जैसे स्वायत्त निकायो अथवा अन्य स्पेशल परपस व्हेकल द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित एवं क्रियान्वयित होगे। कुछ प्रकरणों में अपवादस्वरूप एवं वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) की विशेष पूर्वानुमति से केन्द्र क्षेत्रीय योजनाओ को संबंधित राज्य क्रियान्वयन अभिकरणों द्वारा लागू किये जाने हेतु अनुमति दी जा सकती है। इन प्रकरणों में निधि का अंतरण क्रियान्वयन अभिकरणों को प्रत्यक्ष रूप से अंतरित किये जायेगे, ना कि राज्य के कोषालयो के माध्यम से। वर्ष 2019–20 के दौरान लेखा नियंत्रक के पब्लिक फायनेंनशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पी.एफ.एम.एस.) पोर्टल के अनुसार ₹ 7,450.85 करोड़ की राशि छत्तीसगढ़ में क्रियान्वयन अभिकरणों को प्रत्यक्ष तौर पर स्थानांतरित किये गये। विवरण परिशिष्ट–VI में दर्शाया गया है।

(xvi) केन्द्रीय ऋणों का अपलेखन : तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुपालन में वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग), भारत सरकार, द्वारा दिनांक 29 फरवरी 2012 को जारी किये गये स्वीकृति अनुसार विभिन्न मंत्रालयो (केवल वित्त मंत्रालय द्वारा प्रदत्त ऋणो को छोड़कर) द्वारा राज्य शासनों को केन्द्रीय आयोजना एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत दिनांक 31 मार्च 2010 की स्थिति में बकाया ऋणो एवं मंत्रालयों के लेजर में वर्तमान बकाया राशि तक सीमित ऋणो को अपलेखित किया गया है। 31 मार्च 2010 के पश्चात अपलेखित ऋणो के विरूद्व भुगतान किए मूल एवं ब्याज का समायोजन, वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग), भारत सरकार को केन्द्रीय योजनाओं एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के ऋणों के भविष्य में राज्यों से किये जाने वाले पुनर्भुगतान के विरूद्ध किया जावेगा। राज्य

---

[10] विवरण क्रमांक 14 में मुख्यशीर्ष 1601 के अन्तर्गत केन्द्र प्रवर्तित योजना में ₹ 7,808.24 करोड़, वित्त आयोग अनुदान में ₹ 2,044.75 करोड़ एवं राज्य/विधान मण्डल वाले संघराज्य क्षेत्र को अन्य स्थानांतरण/अनुदान के अन्तर्गत ₹ 3,758.25 करोड़ दर्ज है।

शासन द्वारा वर्ष 2010–11 से 2012–13 के दौरान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के ऋण से संबंधित ₹ 0.04 करोड़ (₹ 0.03 करोड़ का मूलधन एवं ₹ 0.01 करोड़ का ब्याज) का अधिक भुगतान किया गया। 31 मार्च 2020 तक वित्त मंत्रालय द्वारा उक्त अधिक भुगतान का समायोजन नहीं किया गया है।

(xvii) राष्ट्रीय संसाधनों का लेखांकन : राष्ट्रीय पर्यावरण नीति 2006 का उद्देश्य पर्यावरणीय चिन्ताओं को सभी विकासपरक गतिविधियों की मुख्यधारा में लाना है। पर्यावरण, कचरा प्रबंधन, प्रदुषण का निर्वारण तथा नियंत्रण एवं पर्यावरणीय अनुसंधान तथा शिक्षा के नाम से संबंधित बजट तथा व्यय के आंकड़े राज्य शासन द्वारा प्रस्तुत प्रमाणकों एवं बज़ट दस्तावेजों से संकलन किया जाता है। राज्य शासन द्वारा पर्यावरण हेतु किये गये व्यय को वित्त लेखे में लघुशीर्ष स्तर पर विभिन्न कार्यात्मक लेखाशीर्षो के अन्तर्गत दर्शाया जाता है। सामान्यतः पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित व्यय को मुख्यशीर्ष 3435–''परिस्थिति विज्ञान तथा पर्यावरण'' के अन्तर्गत दर्ज किया जाता है। तथापि राज्य शासन द्वारा उक्त गतिविधियों से संबंधित व्यय दर्ज करने हेतु मुख्यशीर्ष 3435 के अन्तर्गत बजट प्रावधान नहीं किया गया तथा वर्ष 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 में ''परिस्थिति विज्ञान तथा पर्यावरण'' से संबंधित व्यय दर्ज करने हेतु विभिन्न मुख्यशीर्षो के अन्तर्गत बजट प्रावधान किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है :

राष्ट्रीय संसाधनों का लेखांकन से संबंधित बजट प्रावधान एवं व्यय का विवरण

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	योजना का नाम	2017–18		2018–19		2019–20	
		बजट (मूल+अनुपूरक)	व्यय	बजट (मूल+अनुपूरक)	व्यय	बजट (मूल+अनुपूरक)	व्यय
2401–107	पौध संरक्षण योजना	0.59	0.39	0.62	0.42	0.66	0.41
2406–01–101	पर्यावरण वानिकी	12.50	12.12	13.22	7.63	14.54	14.45
2406–02–110	वनजीवो को संरक्षण एवं विकास	8.80	8.73	8.80	6.22	8.80	8.28
2406–02–110	हाथी प्रभावित क्षेत्रों में चलित हाथी सुरक्षा दस्ता का गठन	0.00	0.00	2.66	0.06	2.66	0.74
4406–02–110	हाथी प्रभावित क्षेत्रों में चलित हाथी सुरक्षा दस्ता का गठन	0.00	0.00	2.80	2.33	0.00	0.00
2406–04–101	पारिस्थितिकीय सेवा विकास परियोजना	8.00	8.00	8.64	8.64	8.64	8.64
4401–107	एन.एम.ई.टी. सबमिशन ऑन प्लांट प्रोटेक्शन एण्ड क्वारेंटाईन योजना	0.50	0.00	0.50	0.00	0.20	0.00
	योग	**30.39**	**29.24**	**37.24**	**25.30**	**35.50**	**32.52**

(xviii) छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंध अधिनियम, 2005/मध्यावधिक राजकोषीय नीति विवरण के अन्तर्गत राजकोषीय लक्ष्य : छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं प्रबंधन अधिनियम 2005 के अनुच्छेद 4 (1) के अंतर्गत विधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किये गये वर्ष 2019–20 के मध्यावधिक राजकोषीय नीति विवरण के अनुसार राजकोषीय लक्ष्यों एवं इसके विरूद्ध उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है :

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

मध्यावधिक राजकोषीय नीति विवरण के अनुसार निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धियों का विवरण

क्षेत्र	लक्ष्य	उपलब्धि/कमी
कुल राजस्व प्राप्तियों के प्रतिशत के रूप में राजस्व घाटा	(–)1.44 *प्रतिशत*	राजस्व घाटा कुल राजस्व प्राप्तियां का 15.04 *प्रतिशत* है। लेखा अनुसार वर्ष 2019–20 का राजस्व घाटा ₹ 9,608.61 करोड़ है एवं वर्ष के दौरान कुल राजस्व प्राप्तियां ₹ 63,868.70 करोड़ था।
राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटा	2.99 *प्रतिशत*	लेखा अनुसार वर्ष 2019–20 का राजकोषीय घाटा ₹ 17,969.55 करोड़ है, जो वर्तमान मूल्य पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (₹ 3,29,180.00 करोड़) का 5.46 *प्रतिशत* है।
राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कुल बकाया देयताएं	21.23 *प्रतिशत*	31.03.2020 तक लोक लेखा दायित्व सहित कुल बकाया ऋण ₹ 78,712.46 करोड़ था तथा वर्तमान मूल्य पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹ 3,29,180.00 करोड़ था। सकल राज्य घरेलू उत्पाद से ऋण की *प्रतिशतता* 23.91 है।
ब्याज भुगतान राज्य के स्वयं के राजस्व के प्रतिशत के रूप में	14.14 *प्रतिशत*	राज्य के स्वयं के राजस्व से ब्याज भुगतान की *प्रतिशतता* 16.54 है। ब्याज भुगतान ₹ 4,970.33 करोड़ था तथा राज्य के स्वयं का राजस्व ₹ 30,051.62[11] करोड़ था।
प्राथमिक घाटा सकल राज्य घरेलु उत्पाद के प्रतिशत के रूप में	1.76 *प्रतिशत*	प्राथमिक घाटा ₹ 12,999.22[12] करोड़ है जो वर्तमान मूल्य पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (₹ 3,29,180.00 करोड़) का 3.95 *प्रतिशत* है।
ब्याज भुगतान तथा पेंशन कुल राजस्व प्राप्तियों के प्रतिशत के रूप में	11.78 *प्रतिशत*	ब्याज भुगतान एवं पेंशन पर व्यय ₹ 11,608.31[13] करोड़ था जो कि कुल राजस्व प्राप्ति ₹ 63,868.70 करोड़ का 18.18 *प्रतिशत* है।

* सकल राज्य घरेलू उत्पाद का स्त्रोत : आर्थिक तथा सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन

(xix) राज्य में सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजनायें : राज्य शासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक योजना–''डी. ए.वी. मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल'' सीट शेयरिंग एवं आपरेशन तथा मैनेजमेंट मॉडल पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2019–20 में राज्य शासन द्वारा इस योजना में ₹ 28.84 करोड़ का व्यय किया गया है।

(xx) राजस्व घाटा एवं राजकोषीय घाटा पर प्रभाव : पूर्व के अनुच्छेदों में उल्लेखित राज्य शासन के राजस्व घाटा एवं राजकोषीय घाटा पर प्रभाव निम्नानुसार दर्शाया गया हैं :

राजस्व एवं राजकोषीय घाटा पर प्रभाव

(₹ करोड़ में)

अनुच्छेद क्रमांक	मद	राजस्व घाटा पर प्रभाव		राजकोषीय घाटा पर प्रभाव	
		अत्युक्ति	न्यूनोक्ति	अत्युक्ति	न्यूनोक्ति
1(v)	राजस्व अनुभाग के स्थान पर पूंजीगत अनुभाग में दर्ज सहायता अनुदान	..	1,939.61	..	..
1 (v)	पूंजीगत अनुभाग में दर्ज कार्यालय व्यय	..	0.75	..	..
1(v)	राजस्व अनुभाग के स्थान पर पूंजीगत अनुभाग में दर्ज व्यवसायिक सेवाएं	..	8.55	..	..

[11] राज्य के स्वयं के कर राजस्व ₹ 22,117.85 करोड़ एवं करेतर राजस्व ₹ 7,933.77 करोड़ सम्मिलित है।

[12] राजकोषीय घाटा ₹ 17,969.55 करोड़ (–)ब्याज भुगतान ₹ 4,970.33 करोड़।

[13] ब्याज भुगतान ₹ 4,970.33 करोड़ एवं पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति हितलाभ ₹ 6,637.98 करोड़ सम्मिलित है।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

राजस्व एवं राजकोषीय घाटा पर प्रभाव

(₹ करोड़ में)

अनुच्छेद क्रमांक	मद	राजस्व घाटा पर प्रभाव		राजकोषीय घाटा पर प्रभाव	
		अत्युक्ति	न्यूनोक्ति	अत्युक्ति	न्यूनोक्ति
1(v)	राजस्व अनुभाग के स्थान पर पूंजीगत अनुभाग में दर्ज अनुरक्षण व्यय	..	0.29	..	..
3 (i)(ख)	छत्तीसगढ़ आवास मंडल	..	19.37	..	19.37
3 (i) (ख)	छत्तीसगढ़ आवास मंडल	..	1.18	..	1.18
3 (i) (घ)	राज्य शहरी विकास प्राधिकरण	..	11.84	..	11.84
3(ii)	राष्ट्रीय पेंशन योजना	..	2.08	..	2.08
3(ix) (I) (क) (i)	राज्य आपदा उन्मोचन निधि के सहायता अनुदान का स्थानांतरण नहीं किया जाना	..	66.75	..	66.75
	राज्य आपदा उन्मोचन निधि के सहायता अनुदान से संबंधित राज्य शासन का अंशदान का स्थानांतरण नहीं किया जाना	..	22.25	..	22.25
3(ix) (I) (ख) (i)	निक्षेप निधि में कम अंशदान	..	188.75	..	188.75
3(ix) (I) (ख)(iv)	अधोसंरचना विकास उपकर का स्थानांतरण नहीं किया जाना	..	174.00	..	174.00
3(ix) (I) (ख)(v)	पर्यावरण उपकर का स्थानांतरण नहीं किया जाना	..	174.00	..	174.00
3(x)	केन्द्रीय सड़क निधि के सहायता अनुदान का स्थानांतरण नहीं किया जाना	..	173.06	..	173.06
योग (निवल) प्रभाव		**..**	**2,782.48**	**..**	**833.28**

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–क
आवधिक/अन्य समायोजनों का विवरण
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–1 (ii) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

स. क्रं.	अन्तरण		लेखाशीर्ष		राशि	अभ्युक्ति
	से	को	से	को		
1.	भू–राजस्व	पर्यावरण निधि	2029–797	8229–200	0.00	पर्यावरण निधि को स्थानांतरण
		अधोसंरचना विकास निधि	2029–797	8229–200	73.39	अधोसंरचना विकास निधि को स्थानांतरण
2.	मुद्रांक तथा पंजीयन	ग्रामीण विकास निधि	2030–797	8229–200	50.90	ग्रामीण विकास निधि को स्थानांतरण
		पंचायत भू–राजस्व, उपकर तथा स्टाम्प डयूटी निधि	2030–797	8229–200	119.45	पंचायत भू–राजस्व उपकर तथा स्टाम्प डयूटी निधि को स्थानांतरण
3.	अधोसंरचना विकास उपकर निधि	भू–राजस्व	8229–200	2029	0.10	अधोसंरचना विकास उपकर निधि से व्यय की प्रतिपूर्ति
		लोक निर्माण पर पूंजीगत परिव्यय	8229–200	4059	26.90	
		सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय	8229–200	5054	47.04	
4.	विद्युत एवं सेवाओं पर अन्य कर एवं शुल्क	विद्युत विकास निधि	2045–797	8229–110	230.00	विद्युत विकास निधि को स्थानांतरण
5.	विद्युत विकास निधि	ऊर्जा परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय	8229–110	4801	100.00	विद्युत विकास निधि से व्यय की प्रतिपूर्ति
		अपारंपरिक उर्जा स्त्रोत पर पूंजीगत व्यय	8229–110	4810	82.01	
		अपारंपरिक उर्जा स्त्रोत	8229–110	2810	19.10	
6.	ऋण घटाने या उसका परिहार करने के लिए विनियोजन	निक्षेप निधि	2048–101	8222–02–101	265.00	खुले बाजार ऋण के परिशोधन के लिए निक्षेप निधि
7.	ब्याज का भुगतान	सामान्य भविष्य निधि	2049–03–104	8009–01–101	528.25	सामान्य भविष्य निधि अभिदाताओं को वार्षिक ब्याज का स्थानांतरण
8.	ब्याज का भुगतान	बीमा तथा पेंशन निधि	2049–60–701	8011–107	66.49	राज्य शासन के कर्मचारियो का समूह बीमा निधि में ब्याज का स्थानांतरण
9.	ब्याज का भुगतान	परिवार कल्याण निधि	2049–60–701	8342–120	3.12	परिवार कन्याण निधि में ब्याज का स्थानांतरण

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–क
आवधिक/अन्य समायोजनों का विवरण
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–1 (ii) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

स. क्रं.	अन्तरण		लेखाशीर्ष		राशि	अभ्युक्ति
	से	को	से	को		
10	पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति के लाभ	अन्य विकास तथा कल्याण निधि–पेंशन निधि	2071–01–797	8229–200	22.00	पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति व्यय के प्रतिपूर्ति हेतु पेंशन निधि को स्थानांतरण
11.	प्राकृतिक विपत्तियों के कारण राहत	सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधि–राज्य आपदा उन्मोचन निधि	2245–05–101	8121–122	342.00	राज्य आपदा उन्मोचन निधि में केन्द्रांश एवं राज्यांश का स्थानांतरण
12.	प्राकृतिक विपत्तियों के कारण राहत	सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधि–राज्य आपदा उन्मोचन निधि	2245–80–103	8121–122	0.00	राष्ट्रीय आपदा उन्मोचन निधि से सहायता अनुदान का स्थानांतरण
13.	सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियॉं–राज्य आपदा उन्मोचन निधि	प्राकृतिक विपत्तियों के कारण राहत	8121–122	2245–05–901	252.54	राज्य आपदा उन्मोचन निधि से व्यय की प्रतिपूर्ति
				2245–80–901	0.00	
14.	वानिकी तथा वन्य प्राणी	अन्य विकास निधि–वन विकास निधि	2406–01–797	8229–200	5.21	वन विकास निधि को स्थानांतरण
15.	अन्य विकास निधि–वन विकास निधि	वानिकी तथा वन्य प्राणी	8229–200	2406–01–902	4.27	वन विकास निधि से व्यय की प्रतिपूर्ति
16.	अलौह खनन तथा धातु कर्म उद्योग	अन्य विकास निधि–खनिज विकास निधि	2853–02–797	8229–200	0.00	छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि को स्थानांतरण
17.	अन्य विकास निधि–खनिज विकास निधि	अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग	8229–200	4853–01–902	1.85	छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि से व्यय की प्रतिपूर्ति
				6853–01–902	43.50	
18.	सड़कें एवं पुल	केन्द्रीय सड़क निधि से अनुदान	3054–797	8449–103	198.55	केन्द्रीय सड़क निधि को स्थानांतरण
19.	केन्द्रीय सड़क निधि से अनुदान	सड़कें एवं पुल	8449–103	5054–03–902	198.55	केन्द्रीय सड़क निधि से व्यय की प्रतिपूर्ति
20.	अन्य कल्याण निधि–पंचायत भू–राजस्व उपकर एवं स्टाम्प डयूटी निधि	स्थानीय निकायों को क्षतिपूर्ति एवं समनुदेशन	8229–200	3604–902	55.44	पंचायत भू–राजस्व, उपकर तथा स्टाम्प डयूटी निधि से व्यय की प्रतिपूर्ति

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–ख (i)
पूंजीगत अनुभाग में दर्ज सहायता अनुदान का विवरण
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–1 (v) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	मुख्य शीर्ष	नामावली	उद्देश्य शीर्ष	नामावली	राशि
1	4059	लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	6.01
2	4202	शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	0.06
3	4215	जल पूर्ति तथा सफाई पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	101.85
4	4217	शहरी विकास पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	374.08
5	4225	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजाति तथां अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	173.64
6	4403	पशु पालन पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	6.19
7	4515	अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	316.37
8	4801	बिजली परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	142.09
9	4810	नवीन एवं अक्षय ऊर्जा स्त्रोत पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	556.64
10	5275	अन्य संचार पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	250.00
11	5452	पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय	45	पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु अनुदान	12.68
				योग	**1,939.61**

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–ख (ii)

पूंजीगत अनुभाग में दर्ज कार्यालय व्यय का विवरण

(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–1 (v) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	मुख्य शीर्ष	नामावली	उद्देश्य शीर्ष	नामावली	राशि
1	4059	लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय	04	कार्यालय व्यय	0.05
2	4700	वृहद् सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	04	कार्यालय व्यय	0.41
3	4701	मध्यम सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	04	कार्यालय व्यय	0.22
4	4853	अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग पर पूंजीगत परिव्यय	04	कार्यालय व्यय	0.07
				योग	**0.75**

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–ख (iii)
पूंजीगत अनुभाग में दर्ज व्यवसायिक सेवा का विवरण
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–1 (v) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	मुख्य शीर्ष	नामावली	उद्देश्य शीर्ष	नामावली	राशि
1	4700	वृहद् सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	10	व्यवसायिक सेवा व्यय	6.77
2	4853	अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग पर पूंजीगत परिव्यय	10	व्यवसायिक सेवा व्यय	1.78
				योग	**8.55**

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–ख (iv)
पूंजीगत अनुभाग में दर्ज अनुरक्षण कार्य का विवरण
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–1 (v) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	मुख्य शीर्ष	नामावली	उद्देश्य शीर्ष	नामावली	राशि
1.	4225	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजाति तथां अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय	24	अनुरक्षण कार्य	0.10
2.	4235	सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय	24	अनुरक्षण कार्य	0.19
				योग	**0.29**

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–ग

लघुशीर्ष–800 'अन्य व्यय' के अन्तर्गत दर्ज व्यय का मुख्य शीर्षवार विवरण

(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–2 (ii) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	मुख्यशीर्ष	नामावली	कुल व्यय	लघुशीर्ष–800 अन्य व्यय के अन्तर्गत वर्ष 2019–20 में दर्ज व्यय	लघुशीर्ष–800 अन्य व्यय के अन्तर्गत दर्ज व्यय का कुल व्यय से *प्रतिशत*
1.	2075	विविध सामान्य सेवाएं	0.24	0.24	100.00
2.	2853	अलौह खनन तथा धातु कर्म उद्योग	166.77	128.41	77.00
3.	3275	अन्य संचार सेवा	71.39	71.39	100.00
4.	4070	अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय	2.62	2.62	100.00
5.	4405	मछली पालन पर पूंजीगत परिव्यय	3.19	1.69	52.98
6.	4700	वृहद सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	387.39	251.41	64.90
7.	4701	मध्यम सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	58.28	41.88	71.86
8.	4801	बिजली परियोजनाओ पर पूंजीगत परिव्यय	142.09	100.00	70.38
9.	5055	सड़क परिवहन पर पूंजीगत परिव्यय	6.00	6.00	100.00
योग			**837.97**	**603.64**	

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–घ

लघुशीर्ष–800 'अन्य प्राप्तियों' के अन्तर्गत दर्ज प्राप्तियों का मुख्य शीर्षवार विवरण

(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–2 (ii) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	मुख्यशीर्ष	नामावली	कुल प्राप्ति	लघुशीर्ष–800 अन्य प्राप्तियॉं के अन्तर्गत वर्ष 2019–20 में दर्ज प्राप्ति	लघुशीर्ष–800 अन्य प्राप्तियॉं के अन्तर्गत दर्ज प्राप्ति का कुल प्राप्तियों से *प्रतिशत*
1.	0023	होटल प्राप्तिकर	0.63	0.33	52.38
2.	0051	लोक सेवा आयोग	8.23	5.11	62.09
3.	0055	पुलिस	21.55	14.68	68.12
4.	0056	जेल	8.06	5.40	67.00
5.	0058	लेखन सामग्री तथा मुद्रण	5.97	5.43	90.95
6.	0059	लोक निर्माण कार्य	45.98	44.28	96.30
7.	0211	परिवार कल्याण	0.03	0.03	100.00
8.	0217	शहरी विकास	53.65	53.68	100.06*
9.	0220	सूचना तथा प्रचार	0.55	0.55	100.00
10.	0235	सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण	2.61	2.61	100.00
11.	0408	खाद्य भंडारण तथा भांड़ागार	1.62	1.37	84.57
12.	0435	अन्य कृषि कार्यक्रम	1.27	1.25	98.43
13.	0702	लघु सिंचाई	287.54	306.12	106.46*
14.	0851	ग्राम तथा लघु उद्योग	6.18	3.30	53.40
15.	0852	उद्योग	6.41	6.49	101.25*
योग			**450.28**	**450.63**	

(*) मुख्यशीर्ष 0217, 0702 एवं 0852 के अन्तर्गत राजस्व की वापसी के कारण लघुशीर्ष 800 के अन्तर्गत दर्ज प्राप्तियां इन मुख्य शीर्षो के कुल प्राप्तियों से अधिक प्रदर्शित हो रहा हैं। इन मुख्य शीर्षो के अन्तर्गत राजस्व की वापसियॉं क्रमशः ₹ 0.04 करोड़, ₹ 18.59 करोड़ एवं ₹ 0.08 करोड़ थी।

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–ङ
व्यक्तिगत निक्षेप खाते का विवरण
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–2 (viii) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

स.क्रं.	कोषालय	मुख्य शीर्ष	राशि
1	अधीक्षक, केन्द्रीय जेल, बिलासपुर	2056	0.27
योग			**0.27**

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–च
ऋण जिसका अपलेखन किया जाना है का विस्तृत विवरण
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–3 (iii) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

मुख्यशीर्ष	उप मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष	नामावली	राशि
6210	03	105	अन्य विविध कर्ज	0.03
6216	02	195	महिलाओं, हरिजन सुधार गृह निर्मल निवास सहकारी समिति इत्यादि को आवासीय कालोनी के लिए कर्ज	0.02
6216	02	796	निम्न आय समूह आवास योजना के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा वित्त पोषित	2.80
6216	02	800	अन्य कर्ज	0.25
6216	03	796	मध्यम आय समूह आवास योजना के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम से कर्ज	0.18
6216	80	796	सामान्य बीमा निगम द्वारा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए कर्ज	1.33
6225	01	789	सफाई करने वालों के मुक्ति और पुनर्वास के लिए योजना	0.39
6225	01	800	सफाई करने वालों के मुक्ति और पुनर्वास इत्यादि के लिए योजना	1.99
6225	02	794	जनजाति क्षेत्र उपयोजना के लिये विशेष केन्द्रीय सहायता	0.02
6225	02	796	आदिवासी किसान को कर्ज	0.05
6225	02	800	अनुसूचित जनजाति कल्याण के लिए कर्ज	0.01
6235	01	103	गैर कृषि परिवार के लिए आवास कर्ज	0.04
6235	01	200	भूमिहीन मजदूरों इत्यादि को बसाने की योजना के तहत दिये गये कर्ज	0.01
6235	60	200	रोजगार उन्न्यन कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षित बेरोजगारों को कर्ज	0.81
6235	60	796	शिक्षित बेरोजगारों, अनुसूचित जनजाति कृषकों इत्यादि को कर्ज	0.09
6235	60	800	व्यावसायिक परीक्षा मण्डल को कर्ज	0.06
6245	01	102	प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न जल अभाव के लिये कर्जे	0.21
6250	60	800	शिक्षित बेरोजगार, कृषकों और गैर कृषकों के लिए कर्ज	0.91
6401	..	105	स्थानीय खाद संसाधन, ग्राम पंचायत, उर्वरक गोदाम के निर्माण हेतु नगर निगम को कर्ज	0.17

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–च
ऋण जिसका अपलेखन किया जाना है का विस्तृत विवरण–जारी
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–3 (iii) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

मुख्यशीर्ष	उप मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष	नामावली	राशि
6401	..	110	अन्य विविध कर्ज	0.02
6401	..	195	अन्य विविध कर्ज	0.04
6401	..	796	सरकारी सयंत्र ट्रेक्टर स्टेशन आदि के तहत कर्ज	0.09
6401	..	800	भूमी सुधार ऋण अधिनियम, उन्नत बीज का वितरण के तहत कर्ज	6.59
6402	..	102	भूमी सुधार ऋण अधिनियम	1.36
6402	..	796	आकृति निर्माण, राष्ट्रीय जल अधिग्रहण योजना हेतु कर्ज	3.47
6402	..	800	सिंचाई के क्षेत्र में लघु नहर का निर्माण एवं नये कुंआ का निर्माण हेतु कर्ज	0.01
6403	..	102	अन्य विविध कर्ज	0.01
6403	..	103	मध्य प्रदेश राज्य सहकारी मुर्गी पालन परिसंघ, चयनित प्राइवेट कुक्कट पालकों को जल पोल्ट्रीय का विस्तार हेतु कर्ज	0.25
6408	01	796	गोदाम ग्रिड का निर्माण, मोबाइल उचित मूल्य की दुकान आदि को कर्ज	0.59
6408	02	195	शीत भण्डार संयत्र की स्थापना के लिये सहकारी समितियों एवं तेल बींज खरीदी के लिए विपणन समितियॉं, सहकारी समितियॉं को कर्ज	0.42
6425	..	108	संसाधन इकाइयों की स्थापना, शीत भण्डारों की स्थापना, चावल मिलों को सीमांत कर्ज	1.16
6425	..	796	जनजाति क्षेत्र उपयोजना के अन्तर्गत कर्ज	8.26
6425	..	800	हरिजन कृषकों, मछुआरा सहकारी समितियों आदि को कर्ज	0.01
6435	01	101	अन्य विविध कर्ज	0.02
6435	01	796	जनजाति क्षेत्र उपयोजना के अन्तर्गत कर्ज	0.01
6515	..	102	सामुदायिक विकास परियोजनाओं तथा एप्लाईड पोषण अभियान को वित्त पोषण करने हेतु कर्ज	0.20
6515	..	103	लोकोपयोगी निर्माण कार्यो, कोन्टूर निर्माण के लिये पंचायतों आदि को कर्ज	0.38
6702	..	796	नये कुओं के निर्माण और पुराने कुओं की मरम्मत, पंप सेट की स्थापना आदि के लिए कर्ज	0.07

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–जारी

अनुलग्नक–च
ऋण जिसका अपलेखन किया जाना है का विस्तृत विवरण–समाप्त
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–3 (iii) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

मुख्यशीर्ष	उप मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष	नामावली	राशि
6702	..	800	भूमि सुधार अधिनियम, कृषि ऋण अधिनियम, इत्यादि के अन्तर्गत कर्ज	0.05
6705	..	800	केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत एकीकृत डेअरी एवं कृषि विकास के लिए कर्ज	0.05
6851	..	109	संसाधन ईकाईयों की स्थापना, हथकरघे का बिजली करघे मे परिवर्तन, बुनाई उपकरणों की आपूर्ति आदि हेतु प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों को कर्ज	0.38
6851	..	200	जिला उद्योग केन्द्र की स्थापना के लिये कर्ज	0.21
6851	..	796	लघु वनोपज बीज को संग्रहित करने हेतु मध्य प्रदेश राज्य आदिवासी विकास परिसंघ को ऋण, हाथकरघा मशीनों के विकास, हथकरघा बोर्ड, राज्य खादी बोर्ड इत्यादि को ऋण	0.49
6853	01	190	मध्य प्रदेश राज्य खनिज निगम को कर्ज	0.01
6860	01	190	परियोजना पैकेज, हथकरघा इकाई आदि की स्थापना के लिए कर्ज	0.06
6860	01	796	परियोजना पैकेज के लिए कर्ज	0.11
6860	03	800	चमड़ा विकास निगम को कर्ज	0.02
6860	04	190	सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज	0.38
6885	01	796	जनजाति क्षेत्र उपयोजना के अन्तर्गत कर्ज	1.64
6885	01	800	अन्य कर्ज	0.17
6885	60	190	सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज	0.60
6885	60	796	जनजाति क्षेत्र उपयोजना के अन्तर्गत कर्ज	0.54
6885	60	800	नये उद्योगों आदि को कर्ज	3.48
			योग	**40.52**

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉ–जारी

अनुलग्नक–छ
मुख्य उचंत एवं प्रेषण शीर्ष का विवरण
(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–3 (v) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

लेखों का शीर्ष	2017–18		2018–19		2019–20	
	नामे	जमा	नामे	जमा	नामे	जमा
8658–101 वेतन एवं लेखा कार्यालय–उचंत	54.38	0.14	52.55	18.83	67.35	19.50
निवल	**नामे 54.24**		**नामे 33.72**		**नामे 47.85**	
8658–102–उचंत लेखा (सिविल)	19.26	0.98	32.44	0.17	30.81	0.17
निवल	**नामे 18.28**		**नामे 32.27**		**नामे 30.64**	
8658–109–रिजर्व बैंक उचन्त–मुख्यालय	(-)0.67	(-)0.08	2.61	3.02	0.03	0.68
निवल	**जमा 0.59**		**जमा 0.41**		**जमा 0.65**	
8658–110–रिजर्व बैंक उचन्त–केन्द्रीय लेखा कार्यालय	0.14	0.00	1.72	0.00	3.57	0.01
निवल	**नामे 0.14**		**नामे 1.72**		**नामे 3.56**	
8658–112–स्त्रोत पर कर कटौती उचंत	0.00	84.04	0.00	65.08	0.00	71.10
निवल	**जमा 84.04**		**जमा 65.08**		**जमा 71.10**	
8658–113–भविष्य निधि उचंत	42.58	0.00	46.08	0.00	44.35	0.00
निवल	**नामे 42.58**		**नामे 46.08**		**नामे 44.35**	
8658–123–अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों की समूह बीमा योजना	0.00	0.17	0.00	0.16	0.00	0.19
निवल	**जमा 0.17**		**जमा 0.16**		**जमा 0.19**	
8658–129–सामग्री क्रय परिनिर्धारण उचंत लेखा	0.00	85.40	0.00	84.11	0.00	84.11
निवल	**जमा 85.40**		**जमा 84.11**		**जमा 84.11**	
8782–102–लोक निर्माण प्रेषण	18.29	11.50	112.34	9.13	74.83	42.43
निवल	**नामे 6.79**		**नामे 103.21**		**नामे 32.40**	
8782–103–वन प्रेषण	10.84	7.11	37.83	5.22	36.20	5.44
निवल	**नामे 3.73**		**नामे 32.61**		**नामे 30.76**	

लेखाओं के लिए टिप्पणियॉं–समाप्त

अनुलग्नक–ज

राज्य शासन द्वारा लंबित लेखे वाले सार्वजनिक उपक्रमों में प्रदत्त अनुदान, आर्थिक सहायता एवं प्रत्याभूति

(लेखाओं के लिए टिप्पणियों–अनुच्छेद क्रमांक–3 (xiii) के संदर्भ में)

(₹ करोड़ में)

सरल क्रमांक	सार्वजनिक उपक्रमों का नाम	वर्ष जिसमें लेखे पूर्ण हुये है	लंबित लेखों की अवधि	वर्ष के दौरान लंबित लेखे में राज्य सरकार द्वारा अनुदान तथा प्रत्याभूति			
				पूंजीगत अनुदान	अन्य	प्रत्याभूति	कुल
1.	छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड़	2018–19	2019–20	0.00	29.21	0.00	29.21
2.	छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड़	2018–19	2019–20	181.75	4,651.13	3,255.00	8,087.88
3.	छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड़	2018–19	2019–20	0.00	4,135.60	1,000.00	5,135.60
4.	छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम	2018–19	2019–20	0.00	1.00	429.30	430.30
5.	छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड़	2018–19	2019–20	0.00	152.97	0.00	152.97
6.	छत्तीसगढ़ राज्य भाण्डागार निगम	2018–19	2019–20	0.00	8.39	0.00	8.39
7.	छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम	2018–19	2019–20	0.00	0.55	0.00	0.55
8.	छत्तीसगढ पुलिस हाऊसिंग कारपोरेशन लिमिटेड़	2018–19	2019–20	39.85	3.25	0.00	43.10
9.	छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम लिमिटेड़	2018–19	2019–20	94.52	0.00	0.00	94.52
10.	छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास निगम लिमिटेड़	2018–19	2019–20	0.00	103.78	3,427.28	3,531.06
11.	छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड़ (सीएफएस सहित)	2018–19	2019–20	0.00	43.50	0.00	43.50
12.	छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड़	2015–16	2016–17 से 2019–20	28.63	0.00	0.00	28.63
13.	छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम लिमिटेड़	2015–16	2016–17 से 2019–20	0.00	13.00	0.00	13.00
14.	रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड़	2016–17	2017–18 से 2019–20	12.00	0.00	0.00	12.00
योग				**356.75**	**9,142.38**	**8,111.58**	**17,610.71**

© भारत के नियंत्रक
महालेखापरीक्षक
2021
www.cag.gov.in

agaechhattisgarh@cag.gov.in